प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत स्थापित मैं0 सुप्रीम अचार उद्योग, जीन्द (हरियाणा) की सफलता की कहानी

श्रीमती राजवंती पत्नी श्री बलराज सिंह, जीन्द (हरियाणा) एक साधारण घरेलू महिला हैं। उनको बचपन से अच्छा खाना बनाने एवं नये-नये खाद्य पदार्थ बनाने का शौक था। उन्होने आई.टी.आई. से विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ बनाने का प्रशिक्षण लिया जिसमें खाने के अतिरिक्त अचार, मुरब्बा, चटनी, जैम आदि बनाने की प्रकिया शामिल थी। तदोपरांत उन्होने शौकिया तौर पर अपने परिवार के सदस्यों के लिए अनेकों प्रकार के अचार, चटनी, मुरब्बा बनाने का कार्य शुरू किया। परिवार के सदस्यों की प्रशंसा मिलने के बाद उन्होने इस शौक को व्यापारिक रूप देने के लिए एवं इस कार्य से कुछ महिलाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध कराने हेतु कोई ऐसा कार्य करने की इच्छा जताई जिसमें उनके पति श्री बजराज सिंह ने उनका मनोबल बढाया और उन्होने स्वरोजगार के क्षेत्र मे जाने के लिए प्रेरित किया। बैंक में कार्यरत् इनकी बेटी ने उन्हे अवगत कराया कि स्वरोजगार हेतु सरकार द्वारा अनेकों योजनांए चलाई जा रही हैं तदउपरांत श्रीमती राजवंती ने जिला उद्योग केन्द्र, जीन्द कार्यालय से सम्पर्क कर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना की जानकारी प्राप्त की।

एक महिला के मन में स्वरोजगार की भावना को देखकर जिला उद्योग केन्द्र, जीन्द एवं सैंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के अधिकारियों ने प्रसान्नता जाहिर की। उद्यमी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत वर्ष 2012-13 में रू0 25.00 लाख का परियोजना प्रस्ताव तैयार कर अपना आवेदन जिला उद्योग केन्द्र, जीन्द को प्रेषित किया एवं उनके प्रस्ताव पर जिला कार्यबल समिति की स्वीकृति भी प्राप्त हुई तदोपरांत सैंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया ने उनको प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत सहायता राशि उपलब्ध करा दी एवं उद्यमी द्वारा मैं0 सुप्रीम अचार उद्योग के नाम से इकाई स्थापित की गई। वर्तमान में इकाई का वार्षिक उत्पादन लगभग रू0 30.00 लाख है।

वर्तमान में इकाई द्वारा मुख्यतः 26 प्रकार के अचार, 5 प्रकार के मुरब्बे एवं 4 प्रकार की चटनी का उत्पादन किया जा रहा है जिसकी बाजार में अच्छी मांग है। इकाई में 20 पूर्ण कालिक एवं 5 अंशकालिक कर्मचारी कार्यरत् है जिसमें 16 महिलांए हैं।

इकाई द्वारा अपनी वैबसाईट भी तैयार की गई है। इकाई ट्रेड मार्क, एम.एस.एम.ई. रजिस्ट्रेशन, एफ.एस.एस.ए.आई. लाईसेंस, आई.एस.ओ. 22000:2005 एवं आई0ई0सी0 कोड प्राप्त कर लिया।

इकाई के अच्छे कार्य को देखते हुए दिनांक 15.03.2015 को गुडगांव में आयोजित किसान मेले में श्री कप्तान सिंह सोलंकी, माननीय राज्यपाल हरियाणा ने श्रीमती राजवंती को बेहतर उत्पादन, गुणवत्ता एवं सुन्दर डिस्प्ले के लिए अवार्ड प्रदान किया। श्रीमती राजवंती की इच्छा शक्ति एवं कठिन परिश्रम यह प्रदर्शित करता है कि महिला शक्ति किसी से पीछे नही है एवं समय मिलने पर वह पूर्ण परिश्रम से अपने हुनर को प्रदर्शित कर सकती है।

--- 000 ---

Certificate of Registration

This is to Certify that
Food Safety Management System of

M/S SUPREME ACHAR UDHYOG

263/7, OPP. JAT SENIOR SECONDARY SCHOOL, PATIALA CHOWK,
JIND – 126 102, HARYANA, INDIA

has been assessed and found to conform to the requirements of

ISO 22000:2005

for the following scope :

MANUFACTURING AND SUPPLY OF PICKLES, MURABBA, CHUTNEY, JAMS, CANDY, CEREALS, PULSES, WHEAT FLOUR, BESAN, PAPAD, RICE, EDIBLE OILS, REFIND OIL, SWEETS, SNACKS, SUGAR, SPICES, BAKERY ITEMS: BREAD, BISCUITS, RUSKS AND CAKES.
(Category - CIV)

Certification No	**1015FBL56**		
Initial Registration Date	03/04/2015	Issuance Date	03/04/2015
Date of Expiry*	02/04/2018		
1st Surve. Due	03/03/2016	2nd Surve. Due	03/03/2017

ISO 22000 : 2005

JAS-ANZ

Director

Absolute Quality Certification Pvt. Ltd.

Accredited By: Joint Accreditation System of Australia & New Zealand (JAS-ANZ)
401, Ashok Bhawan, 93, Nehru Place, New Delhi - 110 019, | +91 11 4105 3339 | e-mail : info@absolutecertification.com

**Validity of the Certificate is subject to successful completion of surveillance audit on or before of due date. (In case surveillance audit is not allowed to be conducted, this certificate shall be suspended/withdrawn).*

Certificate Verification: Please Re check the validity of certificate at [illegible]